“एक है गुलशन मगर भांति-भांति के फूल खिले हैं”, “तिरंगा तीन रंगों का आसमान में फहराकर देता है सन्देश एकता का”- इन एकता के भावों से युक्त उद्गारों द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के युवाओं ने अपनी स्वरचित कविता और गीत लिखकर न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया वरन राष्ट्र के प्रति स्वप्रेम को भी प्रमाणित किया। विद्यार्थियों द्वारा ये कविताएं और गीत 04 नवम्बर 2016 को आयोजित कविता और गीत लेखन प्रतियोगिता के अन्तर्गत लिखे गए। ज्ञातव्य हो कि अग्रवाल महाविद्यालय में राज्य सरकार और निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर 2016 से 06 नवम्बर 2016 तक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में ‘राष्ट्रीय एकता सप्ताह’ मनाया जा रहा है। इस के अन्तर्गत 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाने के साथ-साथ श्री गंगा शंकर मिश्र (इंडियन आयल रिसर्च सेंटर के प्रशासनिक प्रबंधक और आर एस एस के प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख) के ओजपूर्ण वक्तव्य से विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा विषय पर 02 नवम्बर को निबंध लेखन, 03 नवम्बर को स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग और 04 नवम्बर को कविता और गीत लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिनमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। 05 नवम्बर को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है और तभी सभी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समुदाय को एकता, अखंडता, स्वच्छता, सुरक्षा और समरसता का सन्देश देना है। भारत की विभिन्न रियासतों को एकीकृत कर संगठित भारत का सपना देखने वाले सरदार पटेल के प्रति यह आयोजन सच्ची श्रद्धांजलि है। इस आयोजन को सफलतापूर्वक करवाने में श्रीमती किरण आनंद, डॉ नरेश कामरा, डॉ बांके बिहारी, डॉ रेनू माहेश्वरी, श्रीमती रितु, डॉ पूनम आनंद और डॉ अशोक निराला का विशेष योगदान रहा।